**खबर संक्षेप**

### नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**दमुआ।** विशाल नेत्र शिविर आज 14 नवंबर शुक्रवार को युवा मोर्चा नगर मंडल दमुआ द्वारा विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें निशुल्क जांच एवं इलाज के लिए युवा मोर्चा के द्वारा लगाए शिविर में जबलपुर सुखसागर मेडिकल कॉलेज से आए डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच की गई जांच के बाद मोतियाबिंद और कचियाबिंद के ऑपरेशन के लिए जबलपुर के लिए रवाना किया गया जांच शिविर में मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक पलाश मालवीय, सुजीत साहू बिट्टू चौकीकर के द्वारा आयोजित किया गया शिविर में मुख्य रूप से आशीष ठाकुर नत्थन साह कवरेती योगेश साहू दीनू साहू मोनू साहू नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर उपाध्यक्ष बबुआ कश्यप मंडल अध्यक्षसोनू पाटिल ,सौरभ शिवहरे यशवंत पवारहरिशंकर उईके सचिन सूर्यवंशी आयुष सिंह, निक्की सिंह और नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्र के नेतागण शामिल हुए पलाश मालवीय सुजीत साहू बिट्टू चौकीकर के द्वारा बस के सभी यात्रियों को स्वल्पहार पानी और कंबल देकर बस को रवाना किया कार्यक्रम में मरीजों का रजिस्ट्रेशन सचिन सूर्यवंशी हरिशंकर उईके आयुष सिंह ने किया।

### जिला पुलिस शिकायत बोर्ड की सदस्य बनी श्रीमती गरिमा

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन ग्रह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेषानुसार छिन्दवाड़ा में जिला पुलिस षिकायत बोर्ड का गठन किया गया है। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू की अनुषंसा पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं जिला मंत्री व पार्षद श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर को जिला पुलिस षिकायत बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पुलिस शिकायत बोर्ड का गठन किया गया है।

## उत्तर में बर्फवारी होने के कारण गिरा तापमान

## अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड

## 9 डिग्री सेल्सियस से भी कम पर पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

ठंड देरी से आई, लेकिन ठंड अभी से रिकार्ड तोड़ने की कोशिश में जुट गई है। शुक्रवार को न्यूनतम पारा गिरकर 9 से भी कम पर आ गया। वही अधिकतम पारा लगभग 12 डिग्री पर पहुंच गया है। हालांकि दिन में ठंड परेशान नहीं कर रही है। सूर्य की तेज किरणें ठंड से बचा रही है। सूर्य के डूबते ही ठंड अपना असर दिखा रही है। हालात यह है कि रात को ठंड कंपकंपा दे रही है। लोगों ने ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े निकाल लिए है। बगैर गर्म कपड़ों के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम बैज्ञानिकों की मानें तो हिमाचल प्रदेश में बफवारी होने रही है। हवाएं उत्तर पूर्वी चल रही है। उत्तर पूर्व की ओर से जो ठंडी हवाएं आ रही है। जिसका असर छिंदवाड़ा जिले में देखने मिल रहा है।सब्जी फसलों को होगा नुकसानआने वाले दिनों में शीतलहर चलने से सब्जी फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि सब्जी फसल वाले किसान अपनी फसलों को बचाने हर संभव प्रयास करें। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक एक दो दिन में शीतलहर चलने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तरी हवा का चक्रवाती परिसंचय पाकिस्तान और निकटवर्ती क्षेत्रों के मध्य समुद्रतलसे 1.5 किमी ऊंचाई पर सक्रिय है। इसके कारण पहाड़ी क्षेत्रों में वर्फवारी हो रही है। आने वाले समय में तापमान और लुढ़कने की संभावना बन रही है।

### ठंड का फसलों पर असर



ठंड का फसलों पर मिलाजुला असर होता है। गेहूं जैसी फसलों को फायदा होता है, जबकि आलू, टमाटर, मटर, और सब्जियों जैसी फसलों को भारी नुकसान होता है, खासकर पाला पड़ने पर। पाला पड़ने से पौधों की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं, जिससे झुलसा रोग लग सकता है और पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है। इससे बचने के लिए, किसानों को हल्की सिंचाई, धुआं करना, ग्रीन नेट का उपयोग करना और प्लास्टिक से ढकने जैसे उपाय करने चाहिए। इसी के साथ ही ठंड बढ़ने से बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थी इतनी कंपकंपाती ठंड में स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं।

### वनविभाग ने कुंए से निकाला बाहर

## जंगली सुअर का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



पांढुर्ना के बडचिचोली के क्षेत्र में वनविभाग के दल ने खेत के कूए से वन्यप्राणी जंगल सूअर का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से प्राकृतिक आवास में ले जाकर छोडा। रेंजर प्रमुराम मुछाला के अनुसार वनविभाग को आज लीलाधर डोंगरे ने सूचना दी थी कि उनके खेत के कूए में जंगली सूअर देखा गया है। इस सूचना विभाग के समस्त अधिकारियों तक पहुंचाया गया।

इसके बाद वनमंडल अधिकारी सचिन एच के निर्देश पर उपवनमंडल अधिकारी के मार्गदर्शन मे वन परिक्षेत्राधिकारी पांढुर्ना वन्यप्राणी रेस्क्यू दल के साथ मौके पर पहुंचे।दल ने रस्सी के जाल एवं अन्य देशी उपकरणों की सहायता से जंगली सूअर का रेस्क्यू कर उसे जीवित अवस्था में कूए से निकाला। वनविभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जंगली सूअर मादा जिसकी उम्र लगभग 2-3 वर्ष थी जिसे दल ने प्राकृतिक आवास की ओर जाने दिया।

## एडवेंचर एक्टिविटी के लिए नए स्थानों की खोज के साथ रोजगार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

असेंडियम वेंचर्स ने राघादेवी और चिमटीपुर में क्लाइंबिंग एवं एब्सेलिंग की तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में नए एडवेंचर स्पॉट विकसित करना तथा स्थानीय लोगों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार की दिशा में सशक्त बनाना है। जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद व मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से यह प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन विकास की कई गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, यह प्रशिक्षण इसी का हिस्सा था।



इस प्रशिक्षण में कुल 5 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें चिमटीपुर के आदिवासी समुदाय के तीन युवा और छिंदवाड़ा के दो प्रतिभागी शामिल थे। प्रशिक्षण में सुरक्षा प्रणाली, उपकरणों का उपयोग, बेसिक क्लाइंबिंग तकनीक, एब्सेलिंग प्रक्रिया तथा एडवेंचर गतिविधियों में अपनाई जाने वाली मानक प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षक टीम में नागपुर के श्री जयेंद्र खोब्रागड़े और बेंगलुरु के श्री अमृत अप्पाडेन शामिल थे, जो पर्वतारोहण एवं रॉक क्लाइंबिंग में कई वर्षों का अनुभव रखते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को उच्च स्तर के प्रशिक्षण की सुविधा मिली। छिंदवाड़ा जिला प्रशासन के साथ मिलकर असेंडियम वेंचर्स जिले में नए क्लाइंबिंग क्षेत्रों की खोज एवं विकास के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था का उद्देश्य है कि आदिवासी और ग्रामीण समुदाय सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत एडवेंचर पर्यटन का हिस्सा बनें।

## चोरी करने वाले फरार वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने शहर चांद, बिछुआ, लोधीखेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में चोरी करने वाले वारंटियों को पकड़कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मई 2023 को ग्राम चारगांव के प्रार्थी रामजी श्यामकर के घर के अंदर रखी आलमारी में पुराने इस्तेमाली सोने के जेवर चोरी कर ले जाना एवं दिनांक 12.05.2023 को ग्राम बाड़ीवाड़ा से प्रार्थी शिवराम साहू के घर से आलमारी में रखे सोने चांदी के पुराने इस्तेमाली जेवर तथा तीस हजार रूपये का सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने पर की रिपोर्ट पर से थाना चांद मे अपराध क्रमांक- 221/2023 एवं 222/2023 धारा 457,380 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण मे पूर्व मे दो आरोपी 1. आदित्य पिता मधुकर तायडे 2. सूरज पिता नारायणदास कुशवाह निवासी दोनो नि. नागपुर को दिनांक 17.08.2023 को गिरफ्तार किया गया था जिनके मेमोरण्डम के आधार पर प्रकरण का फरार आरोपी आशीष उर्फ दस चक्का जो 10,000/- रुपये का ईनामी आरोपी था एवं छिन्दवाडा जिला के ही थाना बिछुआ, थाना उमरेठ, थाना लोधीखेडा के प्रकरण मे भी आरोपी था की लगातार तलास पतासाजी की जाकर मुखबिर सूचना एवं साईबर टीम की मदद से आरोपी को दिनांक 14.11.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय चौरई में पेश कर जेल भेजा गया है ।

**जप्त सम्पत्ति** - आरोपी द्वारा उपयोग किया जा रहा मोबाईल पुलिस टीम में प्रशिक्षु उप.पु. अधीक्षक ललित बैरागी थाना प्रभारी थाना चांद, सहायक उपनिरीक्षक एल पी गुप्ता, आरक्षक- सुरेन्द्र बघेल, सतीश बघेल, नीरज बघेल, एवं साईबर सेल से आरक्षक आदित्य की इस कार्यवाही को अंजाम देने में अहम भूमिका रही है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने लोगों ने सांसद साहू से लगाई गुहार

### नौकरी पाने के लिए 2008 से रेलवे के चक्कर लगा रहे आवेदककर्ता

**छिन्दवाड़ा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 2007-08 में छिन्दवाड़ा से नागपुर अमान परिवर्तन परियोजना के तहत किसानों से भुमि का अधिग्रहण किया गया था। भुमि के बदले में किसानों के परिवार से एक सदस्य को नौकरी दिए जाने का रेलवे अधिकारियों द्वारा कहा गया था, लेकिन वर्षों बाद भी तमाम प्रयासों पर भी नौकरी नहीं मिलने पर चार आवेदनकर्ताओं ने शनिवार को सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उन्हें नौकरी दिलाने के लिए आवेदन देते हुए उनसे नौकरी की मांग की गई।सांसद श्री साहू से मुलाकात के दौरान भीमालगोंदी निवासी रामू पिता रोषन साहू, गोरेघाट निवासी नीता पिता सुरेष उईके, सोनपुर निवासी मधु पिता बाबूलाल साहू एवं रामाकोना निवासी संदीप पिता योगीराज भक्ते ने बताया कि 2008 के बाद से वे जमीन के बदले नौकरी के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लगातार चक्कर लगा रहे है। रेलवे के अधिकारियों द्वारा बताए गए नियमों के अनुसार उनके द्वारा हर कार्यवाही पूरी कर दी गई है, लेकिन फिर भी उन्हें नौकरी नहीं दी जा रही है। जबकि उस दौरान 167 लोगों में से 40 लोगों को नौकरी भी मिल चुकी है। आवेदकों के निवेदन को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद सांसद श्री साहू ने सभी को आष्वासन दिया कि उनके द्वारा उन्हें नौकरी दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने के साथ ही रेलवे के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा भी करेंगे। साथ ही रेलवे सलाहकार समिति की आगामी बैठक में इस मुद्दे को उठाते हुए आवेदकों को नौकरी के साथ ही 2008 से अब तक उन्हें हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान आवेदकों के साथ जेडआरयूसीसी मेंबर सत्येन्द्र ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### दमुआ महाविद्यालय में हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे विद्यार्थी एवं स्टाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज एक भव्य संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके त्याग, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए की गई। साथ ही बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल-प्रेम और बाल अधिकार एवं शिक्षा संबंधी विचारों को भी सम्मानपूर्वक याद किया गया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष किरण खातरकर, पूर्व विधायक नथ्थन शाह, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दिलीप गोहे, तथा विशिष्ट अतिथि वंदना दवंडे, सोहन चौहान, विशाल सूर्यवंशी और जय मांडवार उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों को बिरसा मुंडा के आदर्शों तथा नेहरू जी की बाल-दृष्टि को अपनाने का संदेश दिया।अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है: शेषराव यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत शनिवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित और सशक्त भारत का सपना देखे हैं। जिसके लिए उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का एक मंत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वैसे तो महिलाएं घर के काम में इतनी क्रिएटिव होती हैं कि वे अक्सर कुछ ना कुछ बनाती रहती हैं उनकी यही क्रिएटिविटी ही आत्मनिर्भर भारत का मूल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर हम भारत में बने सामानों का उपयोग करेंगे तो हमारा देश का पैसा हमारे देश में ही रहेगा और यही पैसा देश के विकास में उपयोग होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अपने देश को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाना है। आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक भारत घई, सहसंयोजक अजय सक्सेना, गुरजीत सिंह शंटी बेदी, श्रीमती भारती साहू ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर अपनी बात रखी ।

## बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण: पूर्व राज्यपाल उईके

### जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़ रहे मुख्य अतिथि, तीन दिन आयोजन में हुए विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

**शनिवार को ग्राम गाजनडोह में भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया,तीन दिनों तक चल आयोजन में विभिन्न धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुशवी के जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड की प्रमुख उपस्थिति में ग्राम में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण किया गया।**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक मधुकर वाडीवा, मोरेष्वर मर्सकोले, सरपंच राखी इवनाती, जप सदस्य वंदना नामदेव इवनाती, जिप सदस्य ललिता कुमरे, बेबीबाई मर्सकोले, अनिता इवनाती, रामेष्र कवडेती, प्रतिभा उईके, जिला महामंत्री देवेन्द्र बाल्या गायकवाड, जप सदस्य डॉ गुलाबराव पांडे, मंचासीन थे। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समानता, स्वाभिमान और अधिकार की लढाई लडी, वही आज देष के आदिवासी समाज के लिये प्रेरक षक्ति है। गाजनडोह का यह ऐतिहासिक क्षण जो आदिवासी समाज की भावनाओं, परंपराओं और संघर्षो को सम्मान देता है। केन्द्र और राज्य सरकार आदिवासी समाज के सर्वागीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन, वनाधिकार पटटो का वितरण, आश्रम स्कूलो का उन्नयन, छात्रवृत्ति योजनायें चलाई जा रही है।

### बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं है: पूर्व राज्यपाल

आयोजन में पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके ने कहा कि, बिरसा मुंडा केवल एक नाम नही, बल्कि आदिवासी स्वाभिमान, संघर्ष और आत्मगौरव की जीवंत पहचान है। आबा बिरसा ने अपने साहस से पूरे समाज को एकजुट कर आत्मसम्मान की लढाई को नई दिषा दी है। गाजनडोह की यह भूमि आज इतिहास रच रही है। इतने बडे स्तर पर आदिवासी सम्मेलन का आयोजन समाज की एकता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आयोजन में बडादेव सुमरनी, भूमका प्रवचन भी हुआ। 13 नवंबर से षुरू हुये इस आयोजन में पारंपरिक गोंडी नृत्य, सांस्कृतिक वादयंत्रों की थाप और जय बिरसा नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हुआ। संचालन राजेन्द्र भक्ते आभार प्रदर्षन सरपंच राखी इवनाती ने किया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बड़ादेव स्थापना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बिछुआ।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सिंगारदीप तिराहा पर बड़ादेव स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर सामाजिक संगठनों एवं कार्यक्रम में आए अतिथियों के द्वारा उनके जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। झारखंड में जन्मे बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी माने जाते है,जिन्होंने अग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया एवं आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बड़ादेव की पूजा अर्चना कर स्थापना की गई। बड़ादेव स्थापना कार्यक्रम में सामाजिक,भजन एवं नृत्य का बहुत ही सुन्दर आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकम में मुख्य रूप से विधायक सुजीत चौधरी,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,पवन सरयाम,पृथ्वीराज ठाकुर,सरपंच ज्ञानलाल उईके समेत आदिवासी समाज के संगठन के पदाधिकरी एवं मातृशक्ति,कर्मचारी बंधु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती जिलास्तरीय समारोह

**पांढुर्णा।** आज स्थानीय एमपीएल मैदान पर धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती समापन वर्ष पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधिगण मंच पर ... ा गया कि इन्होंने जनजातीय समाज को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा ने केवल स्वतंत्र राजनीतिक लडाई ही नहीं लडी बल्कि आदिवासी जनजाति के धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए वे लडे। जल जंगल जमीन की विरासत बचाने के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज के समारोह के दौरान आदिवासी मंडली द्वारा मंच पर कुछ आकर्षक परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, भीमा नायक, शंकर शाह, तिलका मांझी, रघुनाथ मंडलोई जैसे अन्य नायकों का भी इस अवसर पर स्मरण किया। इन सभी ने अंग्रेजों से लोहा लेकर आदवासी जनजाति समुदाय के विकास के लिए काम किए। शासन की योजनाएं गिनवाई गई जिनसे आदिवासी बंधुओं की सामाजिक एवं आर्थिक तरक्की हो रहीं है। महान आदिवासी नायकों के नाम पर स्मारक बनाकर योजनाएं लाई जा रही है। पैसा एक्ट, एकलव्य विद्यालय, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण तथा आकांक्षा जैसी योजनाएं शासन ने लागू की है।



### पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता संजय मस्के की पहल से बना संभव

## 80 करोड़ की मंजूरी के साथ पांढुर्ना को मिला बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना-अमरावती रोड के शांति निकेतन क्षेत्र में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को आखिरकार शासन से 80 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। यह निर्णय भोपाल में आयोजित वित्त विभाग की हालिया बैठक में लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 नवंबर 2025 को हुई बैठक में यह प्रस्ताव एक बार फिर ठंडे बस्ते में जाने की कगार पर था। तभी बैठक में मौजूद लोकनिर्माण विभाग भोपाल के मुख्य अभियंता संजय कुमार मस्के, जो पांढुर्ना के ही निवासी हैं, ने वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव की ओर आकर्षित किया। इन्होंने बताया कि यह ओवरब्रिज पांच वर्ष पूर्व भी स्वीकृति के अंतिम चरण में था, किन्तु मंजूरी नहीं मिल सकी थी। उनके ठोस तर्कों और लोकहित के आधार पर शासन ने अंततः इसके निर्माण के लिए 80 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी। आरओबी के लिए स्वीकृत बजट की मांग संख्या 24-5054 तथा मद क्रमांक 4149 निर्धारित किया गया है।



### ऐसा होगा ओवरब्रिज का स्वरूप

यह ओवरब्रिज आमला नागपुर मेजर सेक्शन के किमी 937/28-30 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 269 पर बनाया जाएगा। इसकी कुल लंबाईरू 696 मीटर है जिसकी निर्धारित लागत 80 करोड रू. है। स्वीकृत राशि में आरओबी की नींव, सब-स्ट्रक्चर, सुपर-स्ट्रक्चर, भूमि अधिग्रहण, बिजली लाइन शिफ्टिंग, रेलवे पोर्शन, रिटेनिंग वॉल, सर्विस रोड, आरसीसी बॉक्स, आरसीसी सीढ़ी सहित अन्य आवश्यक कार्य शामिल हैं।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जताया स्वागत

नगरपालिका पांढुर्ना के अध्यक्ष संदीप घाटोडे और नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष बंटी छागानी ने ओवरब्रिज को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि इस विषय को वे कई बार मध्यप्रदेश शासन के समक्ष उठा चुके हैं। स्वीकृति मिलना पांढुर्ना के लिए बड़ी राहत है और जनता को जल्द ही बरसों पुरानी बार बार जाम की समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद है।

## वेकोली की ओर से अनीस वर्मा, विजेन्द्र सिंह, संजीव लम्बा एवं सुरेन्द्र यादव ने लिया जायजा

# सिर्फ सर्वे और निरीक्षण से नहीं मिलेगा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में पीने योग्य पानी की समस्या लंबे समय से बरकरार है । नदी में खदानों का आयरन युक्त पानी मिश्रित हो रहा है । शुद्ध और पीने योग्य पानी के लिए लोग कुएँ , झिरिया , बोर पर निर्भर है । स्थानीय प्रशासन , वेकोली प्रबंधन यहां पानी की अच्छी व्यवस्था बनाने के लिए सर्वे और निरिक्षण तक सीमित है । क्या इससे शुद्ध पानी मिल सकेगा ? यह सवाल जनमानस का तो है ह ही , यही सवाल भाजपा नेता और पार्षद जयंत राय ने भी उठाया है । इस वर्ष शुद्ध पानी का संकट अभी से गहराने लगा है । जिसे देखते हुए शनिवार को WCL के अधिकारियों ने न्यूटन क्षेत्र के आस - पास से निकलने वाले खदान के इस जहरीले आयरन युक्त पानी को उनके मुहानों पर जाकर निरीक्षण किया । जल्द



न्यूटन एवं परासिया के भाजपा के जनप्रतिनिधियों का मंडल महाप्रबंधक से मिलकर इस गंभीर जनहित की समस्या के स्थाई समाधान के लिए , जिससे क्षेत्र की जनता को पूरे वर्ष उनके उपयोग के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर चर्चा कर इसका स्थाई समाधान करायेंगे । न्यूटन वार्ड 9 के पार्षद जयंत राय का कहना है , कि आखिर कब तक इस तरह से WCL के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा खदानों से निकलने वाला जहरीले आयरन युक्त पानी का सर्वे करते रहेंगे ? आखिर क्षेत्र की जनता को कब उसके उपयोग के लिए शुद्ध पानी WCL एवं स्थानीय नगरीय निकायें दे पाने में सक्षम हो पाऐंगी ? उन्होंने बताया , कि रमेश यदुवंशी के खेत के आसपास स्वतः ही तीन अलग - अलग जगहों से खदान का पानी ओवरफ्लो होकर निकल रहा है । वहीं बन्नू यदुवंशी के खेत के पास से 5 इंच खदान का आयरन युक्त पानी सीधे नदी से होते न्यूटन डेम में एकत्रित हो रहा है । जो पानी पंचायत द्वारा सप्लाई किया जाता है , जो पीने तो छोड़ो निस्तार के लायक भी नहीं है ।श्री राय का कहना है , कि यदि WCL जनहित के इस गंभीर मुद्दे पर किसी भी प्रकार की टालामटोली करने की कोशिश करती है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें । अभी तक हमारे द्वारा लिखित पत्राचार कर न्यूटन फिल्टर प्लांट पर मांगे गये आयरन प्लांट के आश्वासन को 8 माह से अधिक हो गये है , लेकिन अभी तक कोल इंडिया और न नगर परिषद इस दिशा में कोई कदम उठा पाई है । वेकोली की ओर से अनीस वर्मा , विजेन्द्र सिंह , संजीव लम्बा एवं सुरेन्द्र यादव द्वारा निरिक्षण किया गया है । इनसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने अपनी समस्या साझा की ।

### 18 किमी की विशेष यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली



**परासिया :** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा 18 किमी की विशेष यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई । यात्रा का शुभारंभ मंडली ग्राम में सरदार पटेल के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और तिरंगा यात्रा के साथ किया गया ।यात्रा के दौरान शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल , पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष यादव , मुकेश सालवंशी (महामंत्री ग्रामीण मंडल) , शिवपुरी विधानसभा भाजपा प्रभारी ज्योति डेहरिया सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सहभागी बने।यूनिटी मार्च मंडली से प्रारंभ होकर झुर्रे माल , थावड़ी , सावला ढाना , लोहारी बांदरी , खेरी , पिपरिया होते हुए डुंगरिया ग्राम पहुँची, जहाँ पदयात्रा का समापन हुआ ।मार्ग में झुर्रे , खेरी और अन्य ग्रामों में ग्रामीणों ने सांसद बंटी साहू का पुष्प वर्षा , तिलक एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया । झुर्रे में हनुमान मंदिर से लेकर पूरी बस्ती तक युवाओं और ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर स्वागत किया।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत बिछुआ क्षेत्र में पुलिस ने बच्चों को किया जागरूक



**बिछुआ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज थाना बिछुआ के ग्राम निशान दरियाब स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान जागरूकता अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में हमराह स्टाफ प्रआर 231 प्रमोद धुर्वे, आर. राकेश एवं आर. सुमित ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, तथा बाल संरक्षण अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया।पुलिस टीम ने बच्चों को इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए साइबर अपराधों से बचाव के उपाय समझाए और सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।अभियान का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न अपराधों, शोषण एवं जोखिमों से सुरक्षित रखना तथा उन्हें अपने अधिकारों और सहायतात्मक सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रुचि लेकर प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर पुलिस कर्मियों ने सरल भाषा में दिया।

### बेटीयों की सुरक्षा एवं बेटियो ंको बचाने के लिए छात्र छात्राओं को किया जागरूक



**छिंदवाड़ा।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय सनराईज हाई स्कूल लालबाग मे महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा के कर्मचारियों एवं प्राचार्य हेमलता साकरे,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, बेड टच गुड टच, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा जिससे महिला एवं नाबालिग बालक अपने आपको सुरक्षित महसूस कर अच्छी शिक्षा के साथ अच्छा केरियर बना सके । आयोजित प्रशिक्षण को सफल बनाने मे सनराईज हाई स्कूल की डायरेक्टर सीमा जैयसवाल, प्राचार्य इंदिरा चौधरी, राजकुमारी सोनी,दीपक सोनी , शिक्षक ,महिला एवं बाल विकास विभाग से शैलेंद्र शुक्ला, का सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुखिया एवं जन अभियान परिषद् के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती धूमधाम से मनाई गई ।इस कार्यक्रम के तहत नगर न्यूटन चिखली के वार्ड क्र. 08 के आंगनवाड़ी केंद्र में बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर नवंकुर संस्था सेक्टर क्र. 04 , नवचेतना पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई । उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन व्याख्यान , संघर्ष गाथा और उनके द्वारा किये गए कार्यों को उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा वर्णन किया गया । नवंकुर संस्था सेक्टर क्र. 04 नवचेतना वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को शिक्षा व जागरूकता का महत्व समझाते हुए प्रोत्साहन के तौर पर स्लेट , कलम , कॉपी , पेन , स्टेशनरी चॉकलेट इत्यादि का वितरण किया गया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया । साथ ही महिला शक्ति का अभिवादन किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सेक्टर क्र. 04 नवचेतना वेलफेयर सोसाइटी नई सोच,एक नया बदलाव के अध्यक्ष अंकेश वाघ , सचिव सुरभि तागड़े , कोषाध्यक्ष यशवीर राज , सदस्य लखन लाल डेहरिया , आयुष सारेवा , तारीक सिद्धकी , अक्षय झंघेला , योगेश सोनी , दिपेन्द्र बरखाने , दीपक वर्मा , मिथलेश सरेयाम और BSW छात्र गगन सूर्यवंशी उपस्थित रहे । जनअभियान परिषद के मेंटर मनीष कैथवास एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता रुपाली बम्हेकर सहायिका सुमित्रा सराठी व वार्ड पार्षद राहुल सराठी उपस्थित रहे ।वार्ड पार्षद राहुल सराठी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर व्याख्यान व्यक्त किया गया ।

## व्यापारी मंडल का निर्वाचन मतदान प्रक्रिया से होने का संकल्प पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जुन्नारदेव व्यापारी मंडल के निष्पक्ष पारदर्शिता स्वच्छ रूप से निर्वाचन होवें इस मकसद को लेकर शहर भर के बड़े छोटे मंझोल सभी व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन वार्ड न 5 मे किया गया है बैठक मे सर्वप्रथम शहर के सीनियर व्योवृद्ध व्यापारियों और खुदरा व्यापारी ने भारत माता के तैलए चित्र पर फूलमाला अर्पित की तत्पश्चात सिलसिलेवार सभी विभिन्न प्रतिष्ठानों के दुकानदारों ने अपने अपने विचार और समस्याओ को खुल रखा और एकजुटता का परिचय देते हुए एकमत एक स्वर मे व्यापारी मंडल का निर्वाचन मतदान रीति से करवाने का निर्णय पारित कियाशहर के जागरूक व्यापारियों ने दुकानदारों के हित की रक्षा व सुरक्षा के मद्देनज़र दो सप्ताह पूर्व से सभी किस्म के दुकानदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें सदस्य होने की स्वीकृति प्रदान की गयी थीकल 14 नवंबर 2025 शुक्रवार की आहूत बैठक की उपस्थित दर्ज संख्या जिनमे मातृशक्ति का भी समावेश था आशा अनुरूप होने से अब जल्द ही निकट भविष्य मे शहर के गणमान्य और जागरूक व्यापारी बन्धुओं द्वारा जुन्नारदेव व्यापारी मंडल के निष्पक्ष निर्विवाद मतदान प्रक्रिया के तहत चुनाव की नियमावली बनाकर मत पत्र वितरण कर चुनाव तिथि व संरक्षण मंडल की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगीनगर के सभी मिश्रित व्यापारियों पत्रकारों का बैठक आयोजको ने आभार मानते हुए आगे भी यू ही परस्पर सहयोग की अपील की।

## पीएम श्री शासकीय विद्यालय अमेड़ा (डी) में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा डी में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया गया सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य के द्वारा एवं संस्था में पदस्थ समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं शाला नायक द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों का स्वागत पुष्पों के द्वारा किया गया उसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात श्रीमती कुंजाम मैडम , नितेश्वरी राहंगडाले, सुशील गेडाम एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से संबंधित संक्षिप्त जानकारी दी गई उसके बाद कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य बी. एस . घरते द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन स्वरूप संबोधन किया गया उसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लिए प्रथम ,द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया । सेवा पखवाड़ा की प्रतियोगिता संस्था के प्राचार्य एवं सांस्कृतिक प्रभारी परमानंद टेंभरे, अशवन गराडे, महेश इंडपांची , वंदना पुसाम, माधुरी चौकसे जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महेश इंडपांची सर जी के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन परमानंद टेमरे जी द्वारा किया गया।

### सेंट्रल बैंक का कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम

## 15 ब्रांचों में 96 खातों को 267.61 लाख रुपये के कृषि ऋण का किया गया वितरण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी में अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार एवं मुख्य अतिथि सुश्री दीक्षा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी के नेतृत्व में 14 नवंबर को कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कृषि सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचने के साथ हितलाभ वितरण था।

कार्यक्रम में 25 स्व सहायता समूह को कुल 80 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। जिससे इन समूहों की आर्थिक गतिविधियां मजबूत होंगी साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। इसमें 05 लाभार्थियों को अटल पेंशन योजना, 04 लाभार्थी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और 03 को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से संबद्ध किया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि जिले की 15 ब्रांचों में कुल 96 खातों में 267.61 लाख रुपये का वितरण किया गया है। जिसमें कनकी के 6 खाते में 21.5 लाख रुपये, खैरी के 6 खाते में 10 लाख रुपये, जाम के 23 खाते में 56.29 लाख रुपये, वारासिवनी के 13 खाते में 35 लाख रुपये, आगरी के 3 खाते में 11.71 लाख रुपये, रजेगांव के 14 खाते में 50.95 लाख रुपये, लांजी के 3 खाते में 10 लाख रुपये, महकेपार के 11 खाते में 28.7 लाख रुपये, बैहर के 3 खाते में 20 लाख रुपये और उकवा के 14 खाते में 24 लाख रुपये जमा किये गए है।

## आदिवासी हमेशा सच बोलता है, कभी झूठ नहीं बोलता : विवेक पटेल



### ग्राम डोके में विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोके में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण मुख्य अतिथि विवेक विक्की पटेल विधायक वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र एवं अन्य अतिथियों के हस्ते किया गया। कार्यक्रम में पहुँचने पर विधायक विवेक विक्की पटेल का समाज के वरिष्ठजनों द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया।

### वर्तमान सरकार के समय शिक्षा और चिकित्सा हुई महंगी-गणेश कुम्भरे

समारोह को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश कुम्भरे ने कहा कि हमारे भगवान बिरसा मुंडा ने बचपन से ही संघर्ष किया हैं। अंग्रेजों का शासन चल रहा था, तब अंग्रेजों ने उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया, मगर अंग्रेजों से बिरसा मुंडा डरे नहीं, बल्कि अंग्रेजों का डटकर सामना किया, अंग्रेजो से युद्ध किया। उनका बहुत बड़ा इतिहास है, उन्होंने विरोध में भी आंदोलन किया। भगवान बिरसा मुंडा जब अंग्रेजों के वश में नहीं आये, तो उन्हें पराजित करने की योजना बनाई गई। अंग्रेजों को यहां से भगाने में भगवान बिरसा मुंडा का बहुत बड़ा योगदान है। अंग्रेज तो चले गए मगर वर्तमान की सरकार ने शिक्षा को बहुत महंगी कर दिया हैं। आज के समय गरीब अपने बच्चों को पढ़ा नहीं रहा हैं, इसलिए आप अपने बच्चों को पढ़ाकर अच्छी शिक्षा दे।

### हमें अपनी मूल आदिवासी संस्कृति को नहीं भूलनी चाहिए- विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम बिरसा मुंडा के लोग है, बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं। आदिवासी हमेशा सच्चा होता हैं, कभी झूठ नहीं बोलता। जो कहता हैं, वही करता हैं। मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज ने मांगा हैं, मैंने सब दिया। मैं आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूॅ। आप लोगों को जब भी मेरी जरूरत पड़े, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूॅ। हमारे भगवान बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड में हुआ था। उस समय तीर उठाने की जरूरत थी, अब कलम उठाने का समय हैं। अभी हमारे आदिवासी भाईयों को पट्टा मिल रहा हैं। माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे, अच्छा संस्कार दे। याद रखना हमें अपने जल, जंगल, जमीन को बचाना है। आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर बाहरी लोग उनकी जमीन खरीद रहे है, अपनी जमीन को बचाए रखे और बच्चों को बिरसा मुंडा कौन थे? उन्हें बताए और उन्हें सम्मान सिखाये। सरकार ने जो वादे किए थे, एक भी वादा पूरा नहीं की हैं। इस समय हमारे क्षेत्र का किसान परेशान हैं, मगर उनकी सुनने वाली सरकार बहरी हो गई है।

## जन अभियान परिषद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के 150वी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी व रैली का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् बालाघाट के जिला समनवयक श्री सुशिल बर्मन जी ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश जी के संयुक्त मार्गदर्शन में तथा नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसाइटी भूआ के सहयोग द्वारा विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 02अंर्तगत पृसफूटन गाँव अकोला में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष श्री गणेश जी आवरे, मुख्य अतिथि शिक्षक श्री उमेद सिंह कोढापे,, श्री नरेन्द्र मर्सकोले के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मूर्ति पूजा व छायाचित्र पूजन माल्यार्पण किया गया। तदपश्चात सरपंच आवरे जी द्वारा बिरसा मुंडा जी के चरित्र का व्याख्यान किया गया। बी सी मंगलवार जी द्वारा बिरसा मुंडा जी के सौर्य गाथा पर पृकाश डाला गया। जगदीश पांचे जी द्वारा समज उत्थान को लेकर चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में समाज के लोगों का अच्छा लगाव देखने को मिला। बिरसा मुंडा जी का यह 150 वी जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवांकुर पृभारी दिनेश चोरनेले जी द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया। अंत में सव्लपहार चाय के बाद रैली निकाली गई। इस कार्य कृम मे मुख्य रूप से ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश जी किरनापुर, मेंटर्स राजकुमार तांडेकर, जितेन्द्र मातरे जी, महेश पटले केशा, ज्योति झगराहे छात्रा, गाँव से भोजलाल पर्दे, निरज उईके, राजेश कोढापे, विनोद कोडापे, जिला बाई गरिमा, लाल सींह, भाग चंद मढावी,विरेंद्र मर्सकोले आदि ग्रामीण जनो की इस कार्य कृम में अचछी सहभागिता देखने को मिला।

## पॉली एकेड्मिक इंस्टीट्युशन बिसोनी में पं. जवाहर लाल नेहरू जयंती पर विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से अत्यधिक प्रेम था और वे चाहते थे कि सभी बच्चे बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और एक उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करें। उनके प्रति बच्चों के इस प्रेम और उनके बच्चों के प्रति इस गहरे स्नेह के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, उनकी देखभाल और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन बच्चों को देश के भविष्य के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्धता दोहराता है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में पं. जवाहर लाल नेहरू जयंती बाल दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर इनडोर गेम में कैरम, चैस टेबल टेनिस, आउटडोर गेम्स मे व्हालीवाल, कबड्डी का आयोजन किया गया ।



**पॉली एकेड्मिक इंस्टीट्युशन बिसोनी में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा दिवसः** भगवान बिरसा मुंडा की जंयतिए जिसे जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पाली एकेड्मिक महाविद्यालय, बिसोनी में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्रमुख श्रीमति वंदना वैद्य प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे द्वारा माँ सरस्वती व आबा पुत्र स्वतंत्रता संग्राम के महान जन नायक श्री बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण व तुतीय सेमेस्टर से निधि पटले एंड ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया । यह दिन धरती आबा के रूप में पुजे जाने वाले बिरसा मुण्डा के जीवन और उनके उलगुलान विद्रोह को याद करने का दिन है, जिन्होने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ जनजातीय अधिकारो और स्वाभिमान के लिए संघर्ष किया। ऐसे विचार प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे ने अपने उद्बोधन में दिये । इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा जनजातीय संस्कृति, कला और विरासत को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय कला प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोडऩा और उनके योगदान को सम्मानित करना संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरक स्त्रोत है। उनका संघर्ष हमें न्याय व समानता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। हम उनके आदर्शों पर चलकर जनजातीय समुदाय के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबध्द्र है । बीएससी, बीएड प्रथम वर्ष से विशाल वरकड़े, स्नेहल भिमटे ने भाषण बीएससी, बीएड तृतीय सेमेस्टर से सुप्रिया सोनगड़े, निधि पटले, पलक मसराम, माही चौधरी द्वारा समा बांधा गया। इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे एवं प्राध्यापकगण सी.एस. मेश्राम, रामस्वरूप नगपूरे, बी.सी. पटले, उमेंद्र नागभिड़े, खेमेन्द्र उमरे, अजित बोरकर, गौरव भंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, श्रीमति के.के. बडग़ैया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित शीतल ठाकुर को लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह बाबा ने दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज घंसौर।** लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा विगत 14 नवंबर को कार्यालय जनपद पंचायत घंसौर पहुंचे और जनपद सभागार में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित घंसौर में बतौर सीईओ के पद पर पदस्थ शीतल ठाकुर को गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत घंसौर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर ने राज्य सेवा आयोग 2023 की परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुईं। शीतल ठाकुर ने वर्ष 2022 में 21 वर्ष की उम्र में पहली बार में ही मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की परीक्षा पास की थी, जिसके बाद उनकी पहली पदस्थापना मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घंसौर में हुई।

### आधार कार्ड अपडेशन शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में भैया बहनों के आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए एक विशेष आधार कार्ड अपडेशन शिविर का आयोजन पोस्ट ऑफिस सहयोग से दिनांक 14 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को किया गया। आयोजन में पोस्ट ऑफिस की टीम द्वारा विद्यालय में अध्यनरत भैया बहनों के आधार कार्ड अपडेशन की प्रक्रिया को बड़े आत्मीयता पूर्ण वातावरण में पूर्ण किया गया। विद्यालय की नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के पात्र भैया बहनों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक पद्धति से अपडेशन कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में विद्यालय व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी ,पोस्ट ऑफिस सिवनी, के पोस्ट मास्टर श्री आर एन उपाध्याय, सहायक पोस्ट मास्टर टेलेश कुमार राहंगडाले एवं विद्यालय प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया।

# खुले आसमान के नीचे रात भर ठंड में ठिठुरते रही वृद्ध महिला

## यात्री प्रतीक्षालय में मवेशियों का डेरा



नगर के बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय में रात दिन आवारा मवेशियों ने अपना डेरा डाला हुआ है जिसके चलते आने जाने वाले मुसाफिरों को यहां वहां बैठकर इतंजार करना पड़ता है साथ ही नगर सराय या मुसाफिर खाना नहीं होने से लोग कम से कम इस यात्री प्रतिक्षालय का इस्तेमाल रात गुजारने के लिए कर लेते हैं किंतु स्थानीय प्रशासन की लापरवाह पूर्ण रवैये के चलते प्रतिक्षालय मवेशियों का कोठा बना हुआ है।



**हरिभूमि न्यूज छपारा।**

छपारा नगर परिषद क्षेत्र में कुछ दिनों से एक बेसहारा बुजुर्ग महिला घूमते हुए देखी जा रही है वहीं स्थानीय लोगों द्वारा उससे पुछने पर कुछ नहीं बता पा रही की वह कहां की रहने वाली है, वही इस ठंड के मौसम में उसे रात गुजारने के लिए यात्री प्रतिक्षालय तक नसीब नहीं पा रहा है चूंकि नगर का यात्री प्रतिक्षालय आवारा पशुओं का बसरा बना हुआ नगर पारषद क लापरवाह पूर्ण रवैये के चलते ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते एक असहाय बुजुर्ग महिला को खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिना गर्म कपड़ों के रात गुजारने को मजबूर नजर आयी जब सुबह सुबह चाय नाश्ते की दुकानें खुली तब आग नसीब हो पायी। नगर परिषद द्वारा जहा कागजों पर लाखों खर्च कर चुके है उनके द्वारा इस ठंड में अलाव जलाने हेतु लकड़ी तक की व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं जानकारों का कहना है कि अलाव जलाने हेतु लकड़ी खरादा क नाम पर कागजा म खर्च किया जाता रहा है वहीं जमीन हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है शीत लहर चल रही है वहीं नगरपरिषद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि आंख में पट्टी बांध कर बैठे हैं।

**तारिख पर तारिख अंधा जीवन कचेहरी के चक्कर में गुजारा आज तक नहीं मिला न्याय**

छपारा नगर के बस स्टैंड परिसर में स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स क्या दोष पूर्ण तरीके से बना है,एक कमरे की दुकान के लिए गुजार दिया आधा जीवन । सालो से न्याय की आस में आवेदक ने आधा जीवन गुजार चुका पर न्याय नहा मिल सका मिला ता सिर्फ तारीख पर तारीख और तारीख के चक्कर में पर एक अदना सा व्यापारी ने यहां के यात्री प्रतिक्षालय पर सालो से कब्जा कर तराजू और कबाड़ भर दिया साथ ही यहां की दिवार में पेशी पर पेशी लिखना शुरू कर दिया इस वजह से भी यह स्थान आवारा पशुओं का बसेरा बन गया किन्तु न्यायालय से वर्तमान में भी कोई फैसला नहीं किया गया जिसका इंतजार शायद स्थानीय प्रशासन को भी। यदि समय से न्याय मिलता तो शायद यात्री प्रतिक्षालय में आवारा मवेशियों की जगह बेसहारा लोगों को आसरा मिलता।



### राजवीर राइफल एवं पिस्टल में बने विजेता

**सिवनी।** राजवीर सिंह चौहान ने 'दि इंडिया ओपन प्रतियोगिता राइफल व पिस्टल' इवेंट भोपाल में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में दो वर्गों में स्थान हासिल किया।

राष्ट्र स्तर की कठोर प्रतिस्पर्धा के बीच राजवीर सिंह चौहान ने अपनी उत्कृष्ट निशानेबाजी, एकाग्रता और तकनीक का लोहा मनवाते हुए 'दि इंडिया ओपन प्रतियोगिता राइफल व पिस्टल' में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी दो अलग-अलग कैटेगरी में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर अपनी क्षमता और निरंतरता को साबित किया।इनकी यह उपलब्धि उनके कोच, परिवार और पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण है।

राजवीर सिंह चौहान सिवनी शहर के प्रख्यात समाज सेवी ठा. अशोक सिंह चौहान के पौत्र एवं विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल सिवनी के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान एवं श्रीमती श्रद्धा चौहान के सुपुत्र है।

## कलेक्टर के आदेश की उड़ रही धज्जियाँ

# बावरिया तालाब से मोटर लगाकर पानी खींच रहे लोग, नगर पालिका बेखबर



**कलेक्टर द्वारा तालाबों से अवैध रूप से पानी निकालने पर सख्त प्रतिबंध के बावजूद बावरिया तालाब में खुलेआम मोटर लगाकर पानी खींचा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका को इसकी भनक तक नहीं है, जबकि मोटर और पाइप बायपास रोड से साफ दिखाई दे रहे हैं।**





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतनी बड़ी गतिविधि नगर पालिका की जानकारी के बिना संभव नहीं है। लोगों ने आरोप लगाया कि यह सब कुछ किसानों और नगर पालिका कर्मचारियों की साठगांठ के बिना नहीं हो सकता, अन्यथा जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर तुरंत पहुँचते। नागरिकों ने पूछा कि जब तालाब संरक्षण और अवैध जल दोहन रोकने के लिए स्वयं कलेक्टर ने आदेश जारी किए हैं, तो फिर नगर पालिका की टीम कहाँ है और कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?

सूत्रों के अनुसार, जब कुछ लोगों ने मोटर चला रहे व्यक्तियों को रोका तो उन्होंने खुलकर कहा कि "हमारी नगर पालिका में सेटिंग है।" इतना ही नहीं, अवैध रूप से चल रही मोटर को बिजली विभाग ने कैसे टीसी कनेक्शन दे दिया, यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। इससे दोनों विभागों में मिलीभगत और गंभीर लापरवाही की आशंका और गहरी हो गई है।

### स्थानीय नागरिकों की मांगें

बावरिया तालाब में लगी सभी अवैध मोटरों को तत्काल जब्त किया जाए नगर पालिका एवं बिजली विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका की जांच हो कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए फिलहाल, तालाब संरक्षण को लेकर प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय लापरवाही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### नगर पालिका का पक्ष स्पष्ट नहीं

इस संबंध में जब नगर पालिका सिवनी में पदस्थ बाबी तिवारी, जो नल-प्रदाय विभाग देखते हैं, से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि "आज छुट्टी है, फिर भी कर्मचारियों को भेजकर दिखवाता हूँ।" हालाँकि, खबर लिखे जाने तक उनसे दोबारा संपर्क नहीं हो पाया। फोन लगातार न उठाए जाने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मौके पर कोई कार्रवाई हुई भी या नहीं।

इस विषय पर जब नगर पालिका के जल संसाधन विभाग तिवारी जी से पूछा गया तो अपना पल्ला झाड़ने हुए उन्होंने पूरा का पूरा मामला नगर पालिका के मुख्य अधिकारी पर सौंप दिया

# 50 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई तोड़फोड़

**बरघाट ।** बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहरई वन डिपो के पास स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कथित रूप से की गई तोडफ़ोड़ को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, विश्व हिन्दू परिषद तथा हिन्दू संगठनों में गहरा आक्रोश फैल गया है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले 2-3 महीनों से मंदिर परिसर में एक बाबाजी निवास कर रहे थे। 14 नवंबर 2025 को वन विभाग के एसडीओ अनिल क्षत्रिय, रेंजर दिनेश झारिया, रवि गेडाम, पिचले, शैलेन्द्र परते, डिप्टी रेंजर मसराम सहित नाकेदारों व चौकीदारों की टीम मंदिर परिसर पहुंची और वहां लगे टीन शेड, घंटा, पूजा सामग्री, दानपेटी, कलश, सोलर पैनल सहित अन्य सामग्रियों को तोडफ़ोड़ कर जप्त कर लिया। साथ ही मंदिर में उपस्थित पुजारी को अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग ने इस कार्रवाई की सूचना न तो राजस्व विभाग को दी और न ही पुलिस को अवगत कराया। मौके पर गाली-गलौज किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर बरघाट विधायक कमल मर्सकोले मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

**मामले की जानकारी पर बरघाट विधायक कमल मर्सकोले ने वन विभाग के कर्मचारियों को लगाई फटकार**



उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि बिना किसी विभागीय समन्वय और मंदिर की धार्मिक मर्यादा का सम्मान किए बिना कार्रवाई क्यों की गई। विधायक ने मंदिर को तत्काल पूर्व स्थिति में बहाल करने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस घटना से नाराज़ विश्व हिन्दू परिषद एवं हिन्दू समाज ने बरघाट थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर वन विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## कांग्रेस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती



**सिवनी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में स्व.नेहरू जी के छायाचित्र पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी ने दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनो ने पुष्पअर्पित कर नेहरू जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. हीरा आसवानी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का जन्म दिवस पूरे देश में भारत के नवनिर्माण की नीव के आधार शिला शिक्षारत बच्चो के प्रति समर्पित है जिस कारण देश में नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के रूप में मनायी जाती है, नेहरू जी ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर, शिक्षा के नैतिक मूल्यों को देश के नवनिहालो को समर्पित किया। नेहरू जी उच्च शिक्षा के बल पर अपना सम्पूर्ण जीवन उच्च स्तर जी सकते थे किन्तु उन्होंने ऐसा नही किया और 1917 में होमरूल लीग में शामिल हुये, महात्मा गांधी जी से प्रेरित होकर देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में निरंतर भाग लेना प्रारंभ किया। उन्होंने साईमन कमीशन, भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ब्रिटिश हुकुमत की अनेक यातनाएँ सही। देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने आधुनिक भारत की परिकल्पना को साकार करने अनेक निर्माण कराये, योजना आयोग की स्थापना की, भारत की औद्योगिक एवं कृषि विकास को बढ़ाया, भारत की विदेश नीति को आकार देने में वैज्ञानिक प्रगति देने पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, देश के विकास में उच्च शिक्षा के अनेक संस्थानों की आधार शिला रखी, जो आज भारत के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

इस अवसर पर राजकुमार खुराना, विष्णु करोसिया, विनोद यादव, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, शिव सनोडिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती तृप्ति नामदेव, श्रीमती आशमा भलावी, गिडियन टी सिंह, शंकरलाल डहेरिया, द्रुपेन्द्र लकी अमूले, कैलाश अवधिया, तनवीर अहमद, मधु राजीव क्रिडिया, नितिन मिश्रा,ठा.जयप्रकाश सिंह परिहार, ध्रुवनारायण चौधरी, विनोद नामदेव, मनोज राहंगडाले, दिलीप राहंगडाले, मनीष अग्रवाल, किशोरी कुंजाम, सुरेश परते, दिलीप रक्सेल, गनेश उइके, सुरेश चौधरी, सतेन्द्र बघेल, जगदीश वासनिक, नवनीत बघेल की उपस्थिति रही।

## सांदीपनी विद्यालय में बाल मेला एवं निशुल्क साइकिल वितरण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित



**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में विशाल बाल मेला एवं निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम ठाकुर रजनीश सिंह विधायक के मुख्य अतिथ्य ,एल आर बछालिया प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय की अध्यक्षता, श्रीमति किरन सोलंकी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। संस्थागत विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने एक सैकड़ा से अधिक स्टाल लगा कर व्यापार किया। विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने फीता काटकर के बाल मेला का शुभारंभ किया।विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभा को प्रदर्शित किया।प्राचार्य एल आर बछालिया के द्वारा शासकीय उत्कृष्ठ विघालय से सीएम राइज से सांदीपनि विद्यालय की परिकल्पना ओर विघालय की उपलब्धि ओर भविष्य की योजना का चित्रण प्रस्तुत किया ।एनसीसी के 10 केडेडो को रेंक स्टार लगाकर सम्मानित किया। निशुल्क साइकिल वितरण के तहत पात्र 43 छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गयी।इस मौके पर सुभाष बघेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल संरक्षण समिति, रवि बघेल पूर्व जनपद सदस्य, मुकेश राजपूत जनपद सदस्य, बसंत अवधिया आभूषण व्यापारी, रामगोपाल नामदेव रिटायर्ड पीटीआई ,रामशरण प्यासी रिटायर्ड रेंजर ,श्रीमति जमुना अहिरवार ,राजु मेहरा पत्रकार ,राजेश ठाकुर प्रोफेसर शासकीय महाविद्यालय सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाये, अभिभावकों सहित नगर के भारी संख्या मे नागरिक महिला पुरुषों की उपस्थिति थी।

## विभाग की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

# धूमा वन विभाग से 2 किमी दूर धपरा में अवैध सागौन कटाई

**धूमा वन परिक्षेत्र इन दिनों एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। कभी अवैध लकड़ी कटाई तो कभी तार-बाउंड्री में की गई लाखों रुपये की सुरक्षा व्यवस्था का व्यर्थ होना, विभाग लगातार सवालों के घेरे में है। ताजा मामला धूमा वन विभाग कार्यालय से महज दो किलोमीटर दूर धपरा ग्राम के जंगलों का है, जहां अवैध सागौन की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है। आश्चर्यजनक यह कि यह पूरा घटनाक्रम विभाग की नाक के नीचे हो रहा है, फिर भी कार्रवाई नगण्य है।**




**हरिभूमि न्यूज /धूमा।**

**संवाददाता मुकेश साहू।** स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, धपारा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सागौन के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़े और मशीनें चल रही हैं। रात के अंधेरे में कटाई और सुबह होते ही डुलाई का सिलसिला जारी है। बताया जाता है कि वन विभाग द्वारा वर्षों पहले लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई तार-बाउंड्री भी अब चोरों की सुविधा का मार्ग बन चुकी है। तारों के बीच से रास्ता बनाकर लकड़ी तस्कर आसानी से जंगलों में प्रवेश करते हैं, और विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस स्थिति को देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि बीट क्षेत्र के डिप्टी रेंजर एवं अन्य जिम्मेदार कर्मियों की उदासीनता के कारण तस्करों के हौसले बढ़े हुए हैं। विभाग की सक्रियता न के बराबर है। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद मौके पर न तो गश्ती दल पहुंच रहा है और न ही कोई ठोस कार्रवाई होती दिख रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि "जब कार्यालय से दो किलोमीटर दूरी पर जंगल सुरक्षित नहीं हैं, तो अंदरूनी क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।"

वन क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि सागौन एक कीमती एवं धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजाति है। एक-एक पेड़ को तैयार होने में वर्षों लग जाते हैं और अवैध कटाई से न सिर्फ जंगल का संतुलन बिगड़ता है बल्कि करोड़ों रुपये का राजस्व भी नुकसान होता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा समय पर कार्रवाई न करना कई संदेह पैदा कर रहा है।

सूत्र बताते हैं कि बीट धूमा में लंबे समय से स्थाई कर्मचारियों की तैनाती ने भी लापरवाही को बढ़ावा दिया है। क्षेत्र में निगरानी कमजोर है, और कई मामलों में नियमित गश्त औपचारिकता मात्र दिखाई देती है।

ग्रामीण यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर वरिष्ठ अधिकारी इस मामले पर कब ध्यान देंगे? क्या वन विभाग चाहता है कि जंगल तस्करों के लिए खुले मैदान में बदल जाएं?

इस घटना ने एक बार फिर वन सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। आवश्यक है कि विभाग तत्काल संज्ञान लेकर अवैध कटाई को रोके, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे और धूमा वन परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो सागौन जैसे बहुमूल्य वृक्षों की सुरक्षा मुश्किल हो जाएगी, और प्राकृतिक संपदा हमेशा के लिए खो सकती है

### बच के रहना रे बाबा...

## महिला अपराधों पर पुलिस सख्त, हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने जिले में महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 'शक्ति फोर्स' का गठन किया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और बढ़ते अपराधों के मद्देनजर इस विशेष बल का गठन किया है, जिसने अपना कार्य शुरू कर दिया है।

इस फोर्स में महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। एसपी आदित्य मिश्रा के अनुसार, इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना तथा समाज में सुरक्षा व विश्वास की भावना को मजबूत करना है।

यह विशेष पुलिस बल स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, बाजार और अन्य सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त करेगा। इसका लक्ष्य महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना और किसी भी सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करना है।

महिला और बालिकाओं से जुड़े अपराधों की जानकारी देने के लिए बालाघाट पुलिस ने दो हेल्पलाइन नंबर 7587627098 और 75876605538, साथ ही एफआरवी 112 नंबर जारी किए हैं। इन नंबरों पर प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

शक्ति फोर्स बालिकाओं को अपराधों के प्रति जागरूक भी कर रही है। उन्हें यह बताया जा रहा है कि वे बिना किसी डर के ऐसी घटनाओं का सामना करें और तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधिकारी शक्ति फोर्स के साथ मिलकर बालिकाओं से संवाद कर उन्हें अपराधों की रोकथाम के लिए सजग कर रहे हैं।

### बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. उपलप, डॉ. राजाराम चक्रवर्ती भोपाल में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में बालाघाट जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. परेश उपलप और नोडल अधिकारी डॉ. राजाराम चक्रवर्ती को सम्मानित किया गया। उन्हें सिकलसेल एनीमिया स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था, जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री विजय शाह उपस्थित थे। डॉ. उपलप और डॉ. चक्रवर्ती को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चलाए गए 125 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान में जनजातीय बहुल बालाघाट जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की पहचान और रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक ने सिकलसेल एनीमिया स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के नाम चयन कर पुरस्कार के लिए प्रस्ताव भेजा था।

सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन और अधीनस्थ स्वास्थ्य अमले की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल बालाघाट जिले के स्वास्थ्य विभाग की निष्ठा को दर्शाता है, बल्कि जनजातीय समाज के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों का प्रमाण भी है।

### मेला समिति और सकल समाज ने सौंपा ज्ञापन

## आदिवासी समाज के युवाओं की थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील क्षेत्र के ग्राम वरूड़ में बीते कुछ समय से कथित तौर पर आदिवासी समाज के कुछ युवाओं के व्यवहार से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इन युवाओं ने गांव में आयोजित मेले में भी विवाद किया। जिसके बाद शनिवार को मेला समिति और गांव के लोगों ने थाना पहुंचकर इन युवाओं की शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। मिथिलेश मड़ावी और दीपक मड़ावी नाम के आदिवासी युवकों पर गांव के आयोजित मेले में पान दुकान लगाने वाले रोहित के साथ विवाद करने का आरोप लगाया है। शिकायत करने पहुंचे लोगों का यह आरोप है कि गांव में आदिवासी समाज के कुछ लोग जबरन गांव में सामाजिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही माहौल खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी है। ग्रामीण हितेश बिसेन, नैनसिंह बिसेन, राजहंस बोमचेर, प्रकाश बिसेन, रोहित पटले, मोहन लाल गभने, सेवक प्रसाद पटले, विजय सोनवाने, गेंदलाल बोपचे शिकायत करने के दौरान मौजूद रहे।

## आज परसवाड़ा में उड़ान से शिखर तक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जिले के परसवाडा क्षेत्र के अंतर्गत परसवाडा में सांदीपनी विद्यालय में आगामी 16 नवम्बर को दोपहर में मानसिक स्वास्थ्य एवं भविष्य निर्माण सिविल सर्विसेस एक उज्जवल भविष्य के साथ राष्ट्रीय सेवा विषय पर संगोष्ठी के साथ कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. कीर्ति सिंह मनोवैज्ञानिक भोपाल, प्रदीप श्रीवास्तव यूपीएससी व म.प्र.पीएससी मार्गदर्शक संस्थापक पीएस अकादमी इंदौर, मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, अभिषेक सराफ मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श कांत शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी परसवाडा अर्पित गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी कार्तिकेय जैसवाल, गौरव चौधरी, सीसीएफ वन विभाग बालाघाट, वनमंडल अधिकारी अभिनव पल्लव, वनमंडल अधिकारी अधर गुप्ता, वनमंडल अधिकारी नेहा श्रीवास्तव के अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति इसमें प्रमुख होगी। इस कार्यक्रम के आयोजक एवं सूत्रधार क्षेत्रिय विधायक मधु भाउ भगत ने कहा कि एक सकारात्मक एवं रचनात्मक एवं युवा पीढी को भविष्य में एक नइ दिशा देने के दृष्टिकोण से यह आयोजन पहली बार परसवाडा की पावनधरा पर किया जा रहा है। जिसमें मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्माननीत किया जायेगा। मैं अपेक्षा करता हूं कि क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने में अपना योगदान देगें। यह राजनीति से हटकर शिक्षा के प्रति जन जागृति उत्पन्न करने के लिये यह आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शीर्षक उड़ान से शिखर तक ही यह बतान के लिये काफी है कि जीवन में उत्तरोतर प्रगति के लिये शिक्षा का कितना महत्व ह। और सभी तरह की प्रतिकूल परिस्थितियों में हमें किस तरह से हमें अपनी सफलता का मार्ग प्रशस्त करना है। जिन लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है वह सब अतिमहत्वपूर्ण महानुभव है जिनका अनुभव उपस्थित युवा पीढी को नई ऊर्जा और नई दिशा देने का कार्य करेगा।

## मुस्लिम इज्तेमाई निकाह (सामूहिक विवाह) आज

### मुफ्ती ए महाराष्ट्र प्रोग्राम में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लालबर्रा।

हर साल की तरह इस साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट की ज़ानिब(सौजन्य) से इज्तेमाई शादी का इंतजाम किया गया है।16 नवंबर रविवार को अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी में सोसाइटी की जानिब से 16 मुस्लिम नवयुवक-युवती जोड़ों का निकाह इस्लामी रस्मो रिवाज के साथ तहत कराया जाएगा। साथ ही निकाह कुबूल करने वाले तमाम मुस्लिम जोड़ों को सोसायटी की ज़ानिब से उपहार स्वरूप घर-ग्रहस्थी की सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। रविवार को आयोजित इज्तेमाई शादी में मुफ्ती ए महाराष्ट्र मुजतबा शरीफ़ साहब तशरीफ़ लाएंगे।आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात बरात रवानगी के साथ की जाएगी। यह बारात अंजुमन शादी हॉल से बैहर चौकी होते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों गस्त लगाते हुए ,वापस अंजुमन शादी हाल पहुंचेगी। जहां सोसायटी द्वारा शाम 4 बजे इस्लामी रस्मो रिवाज के अनुसार 16 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया जाएगा।जिसके उपरांत उन्हें घर गृहस्ती की सामग्रियों का वितरण कर ,निकाह में मौजूद तमाम लोगों को लंगर ए मोहम्मदी (खाना तक्सीम) किया जाएगा।यह तमाम जानकारी शनिवार मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चर सोसायटी बालाघाट पदाधिकारियों द्वारा दी गई।इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष सोहेल एजाज, उपाध्यक्ष -मो.रियाज गनी, सचिव आसिफ शेख, आसिफ़ राईन, जिला प्रवक्ता मो. इमरान कुरैशी, रहीम खान, सदस्य डॉ शकील खान, आदिल पटेल, समीर हुसैन(भुरू भाई)मो. यानिस मदार, इक़बाल कुरैशी, और फ़रीज खान,सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अंजुमन शादी हॉल में आयोजित इस इज्तेमाई शादी की शुरुवात रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे बरात रवानगी के साथ अंजुमन शादी हॉल से होगी।जहां निकाह के पूर्व एक सामूहिक बारात निकाली जाएगी।यह बारात अंजुमन शादी हाल से बैहर चौकी, देवी तालाब रोड से मेन मार्केट होते हुए, काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, वहां से बूढ़ी अस्पताल मार्ग से बस स्टैंड, रानी अवंती बाई चौक होते हुए बैहर मार्ग रजा चौक, जामा मस्जिद चौक से वापस अंजुमन शादी हाल पहुंचेगी।जहां सोसायटी की जानिब से 16 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया जाएगा। मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी अध्यक्ष सोहेल एजाज ने औपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की जानिब से समय समय पर मुस्लिम समाज के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं। इसके पूर्व सोसायटी द्वारा एजुकेशन के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।17 अगस्त को आयोजित इस सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में प्रतिभामान बच्चों को स्कूल बैग, शील्ड, प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कारों का वितरण किया गया था।

## पीएम श्री शास कन्या स्कूल बूढ़ी बालाघाट में मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर शाला में कार्यक्रम आयोजित कर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा देशभक्ति गीत का गायन किया गया वही राजेंद्र लांजेवार के मार्गदर्शन में स्काउट के बच्चों ने एवं सुनीता मडावी के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस के बच्चों ने अनेक गतिविधियों का प्रदर्शन किया।इसके अलावा शाला में खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उपरांत बच्चों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस. के. तुरकर ने बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाए प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक गुप्ता, हरिनखेड़े, श्री दमाहे, रिनल बिसेन, ऋतु गोस्वामी, डुलेस्वारी बिसेन ,गायत्री पटले , अल्का धुर्वे का विशेष योगदान रहा।

### किसानों ने निकाली बैलगाड़ी और ट्रैक्टर से रैली, सौंपा ज्ञापन

## खैरलांजी में किसान गर्जना संगठन ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज खैरलाँजी।** खैरलांजी तहसील मुख्यालय में 14 नवंबर शुक्रवार को किसान गर्जना संगठन के बैनर तले संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के नेतृत्व एंव प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया और अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। किसान गर्जना संगठन के अध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के प्रमुख उपस्थिती में संगठन के पदाधकारीयो के द्वारा किसानो के साथ कृषको की समस्याओ को लेकर बैल गाड़ी और ट्रेक्टर से रैली निकालकर कर अपनी मांगे रखी गई और इस दौरान संगठन के पदाधिकरीयो के द्वारा प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा की चुनाव के समय किसानों से जो वादा किया है उसके मुताबिक ₹3100 प्रति क्विंटल धान खरीदा जाए। कहा की किसान परेशान है। दिन रात मेहनत करने के बाद भी कृषको को उनकी फसल का उचित दाम नही मिलता।

**किसान गर्जना संगठन ने ज्ञापन सौपकर यह की मुख्य मांगे :** क्षेत्र में लगातार बारिस एवं किट व्याधि के प्रकोप से धान की फसल बर्बाद हो चुकी है अतः खैरलांजी क्षेत्र को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर किसानो को फसल का मुआवजा तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ दिया जावे। सरकार अपने चुनावी वादे अनुसार किसानो की धान 3100 रु. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरिदे। किसानो का आर्थिक स्तर सुधार हेतु किसानो को 20 हजार रू. प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जावे। बारिस से प्रभावित धान को सरकार द्वारा निर्धारित खरिदी केन्द्रो पर अस्वीकार ना किया जावे एवं किसानो की पूर्ण धान खरिदी जावे।. खरीफ सत्र 2025-26 में किसानो की धान फसल पूर्णतः बर्बाद हो चुकी है अतः किसानो का खरिफ सत्र 2025-26 का ऋण माफ किया जावे। किसानो को 18 घंटे बिजली दिया जावे सहित अन्य मांगे की।इस अवसर पर किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, भारत सिंह शिवहर, अशोक लिल्हारे, योगेसुलाखिया,नंदकिशोर नागपुरे, अजाब सिंह कृपगऐ सहित अन्य मौजूद रहे।

## रेल यात्रियों को हो रही समस्या, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**कटंगी।** गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी रेल खंड में मेमू ट्रेन का डिडक्ट रैक से परिचालन किए जाने की मांग को लेकर रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष विवेक शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा है। विवेक शर्मा ने बताया कि उक्त रेल खंड में मेमू ट्रेन के परिचालन में रैक शेयरिंग पद्धति का प्रयोग कर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस पद्धति का प्रयोग सीमित रोलिंग स्टॉक होने की स्थिति में किंतु उपयोग में ज्यादा मांग होने से रैक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग हो इसलिए किया जाता है यह पद्धति रेलवे के तकनीकी दृष्टिकोण से बहुत ही कारगर है किंतु रैक शेयरिंग पद्धति का सबसे बड़ा नुकसान किसी भी एक ट्रेन का लेट होना है अगर किसी भी ट्रेन का कोई एक नंबर भी लेट हो जाता है तो उस रैक से अन्य पेयरिंग ट्रेन नंबर स्वतः लेट हो जाती है। मौजूदा वक्त में गोंदिया बालाघाट वारासिवनी कटंगी तिरोड़ी रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्री बहुत अधिक परेशान है क्योंकि हर दिन गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन की गोंदिया आने में करीब दो से ढाई घंटे लेट चलकर गोंदिया पहुंच रही है जिस कारण गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडा गोंदिया स्वतः ही लेट हो जाती है।

### राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता का दूसरा दिन

## 250 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा, जबलपुर संभाग ने जीते 12 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता हो रही है। शनिवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन 17 साल आयु वर्ग की स्पर्धाएं हुईं। यह प्रतियोगिता बालाघाट-सिवनी फोरलेन नेशनल हाईवे पर साढ़े चार किलोमीटर के ट्रैक पर हो रही है।

इस 69वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के अंतर्गत बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपकगिरी गोस्वामी ने बताया कि जबलपुर संभाग ने कुल 12 स्वर्ण पदक जीते हैं।

शनिवार को हुई 17 वर्षीय आयु वर्ग की साइकलिंग प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत टाइम ट्रायल और मास स्टार्ट दोनों में बालक व बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए।

प्रतियोगिता में भोपाल, सागर, रीवा, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर, जनजातीय विभाग और जबलपुर संभाग से कुल ढाई सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

नेशनल हाईवे पर आयोजित दूसरे दिन की रोड साइकलिंग का शुभारंभ एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय और जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम बर्मन की उपस्थिति में किया गया।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 10 स्टेट ऑफिशियल सहित 45 कर्मचारी और ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

इनमें तकनीकी पदाधिकारी शारदा सोनी, मनोज गुप्ता, प्रतीक मनोपध्ययाय, अनिल मलवरिया, शैलेंद्र पटेल, अजय बाथम, मनोज उपवंशी, विशेष तिवारी, कृष्ण कुमार कुशवाहा, राजेश सोनकर, शैलेश नागपुरे, दिनेश वशिष्ठ, हरीश दुहारे, राजेंद्र सहारे, छाया सोलाखे, राजेश बिसेन, पुरुषोत्तम लिल्हारे, हेमवंत माहुले, नवजीत दुबे, छतरसिंह ठाकरे, रानू मरावी, रौशनी उइके, मोहिनी गौतम, उर्वशी और डेलेन्द्र राहंगडाले सहित अन्य शामिल हैं।

### सरेखा अंडरपास 15 दिन में दुरुस्त कर यातायात बहाल करने के निर्देश

## ओवरब्रिज-अंडरपास निर्माण को मिली डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में रेलवे के ओवरब्रिज और अंडरपास ब्रिज निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर इन परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, सेतु निर्माण उपसंभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, यातायात विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिले में निर्माणाधीन चार रेलवे ओवरब्रिज के कार्यों की समीक्षा की गई और उन्हें तेजी से पूरा करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने बालाघाट-गोंदिया मार्ग पर सरेखा क्रॉसिंग के अंडरपास के सुधार कार्य को 15 दिनों में अनिवार्य रूप से पूरा कर यातायात बहाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के शेष सर्विस मार्ग का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

इसी प्रकार, बालाघाट-कटंगी सेक्शन के गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण के लिए गर्डर लाकर दिसंबर तक तीनों स्पान का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे अधिकारियों को डेंजर रोड बायपास मार्ग के अंडरपास से यातायात के व्यवस्थित संचालन के लिए उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

गर्रा रेलवे क्रॉसिंग से आवागमन बंद रहने के दौरान डेंजर रोड पर मरम्मत कार्य, शोल्डर और गड्ढों का सुधार करने तथा आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, जय स्तंभ चौक से आकाशवाणी होते हुए बिजली ऑफिस तक पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

बालाघाट-कटंगी सेक्शन के वारा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण के तहत गर्डर लॉन्चिंग और रेलवे विभाग से संबंधित अन्य कार्य 31 दिसंबर तक पूरे करने को कहा गया है, जिसमें स्लैब और बेयरिंग कोट का कार्य भी शामिल है। भटेरा चौकी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण के लिए भू-अर्जन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मुआवजा भुगतान के बाद शेष 900 मीटर में कार्य शुरू किया जा सके।

भटेरा रोड स्थित ओवरब्रिज के लिए कार्यस्थल की परिस्थितियों के अनुसार ट्रैफिक प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। चूंकि इससे बनने से वाहनों के डायवर्सन के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को सेंटमेरी रोड से आंवलाझरी तक मार्ग का रखरखाव सड़क, पटरी सहित ठीक से करने के निर्देश दिये गए, ताकि यातायात में असुविधा ना हो।

रेलवे अधिकारियों द्वारा बताया गया कि हल्के वाहन के लिए अस्थायी लेवर क्रासिंग शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। बालाघाट जिले के अंतर्गत बालाघाट कटंगी सेक्शन के लेवल क्रासिंग क्र बी.के.-52 पर आर.ओ.बी. का निर्माण के संबंध में रेलवे विभाग द्वारा बताया गया कि यह कार्य सिंगल एंटीटी में है तथा प्रगति समानुपातिक है इसे मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाएगा।